संख्या– 1353/24–1–2014

प्रेषक,

संजय अग्रवाल,
प्रमुख सचिव,
उ0प्र0 शासन।

सेवा में,

समस्त जिलाधिकारी,
उ0प्र0।

लखनऊः दिनांक 09 जून, 2014

ऊर्जा अनुभाग–1

विषयः विद्युत आपूर्ति सुनिश्चित किये जाने हेतु क्षतिग्रस्त परिवर्तकों के प्रतिस्थापन के सम्बन्ध में।

महोदय,

उपर्युक्त विषय के सम्बंध में मुझे यह कहने का निदेश हुआ है कि उ0प्र0 पावर कारपोरेशन लि0 के समस्त सहयोगी विद्युत वितरण निगमों (डिस्काम) द्वारा प्रत्येक जनपद के ग्रामीण क्षेत्रों में क्षतिग्रस्त परिवर्तकों को 72 घण्टे तथा शहरी क्षेत्रों में 24 घण्टे के अन्दर प्रतिस्थापन करने का प्राविधान है।

2– क्षतिग्रस्त परिवर्तकों के समय सीमा के अन्दर प्रतिस्थापन (बदलने) हेतु समुचित व्यवस्था जैसे परिवर्तकों की उपलब्धता तथा लाने एवं ले जाने इत्यादि हेतु (निजी नलकूप उपभोक्ताओं को छोड़कर) कांट्रेक्ट पर पूरे प्रदेश में उपखण्ड स्तर पर (एक जिले में लगभग 3–4 उपखण्ड अधिकारी तैनात होते हैं) गाड़ियों (छोटे ट्रक) की व्यवस्था है।

3– निजी नलकूप वाले उपभोक्ताओं को स्वयं के खर्चे पर क्षतिग्रस्त परिवर्तक कार्यशाला/भण्डार तक लाना एवं स्वस्थ परिवर्तक को ले जाना तथा विभागीय कर्मचारियों के सहयोग से बदलने का कार्य किया जाता है। जिला स्तर पर विद्युत विभाग द्वारा एक कन्ट्रोल रूम की स्थापना की गई है जहाँ पर कोई भी उपभोक्ता अपनी शिकायत टेलीफोन/एसएमएस द्वारा अपने क्षतिग्रस्त ट्रांसफार्मर को बदलवाने के लिए लिखवा सकता है। विभिन्न डिस्काम, मध्यांचल–लखनऊ, पूर्वांचल–वाराणसी, दक्षिणांचल–आगरा एवं पश्चिमांचल–मेरठ के टोल–फ्री नम्बर क्रमशः 18001800440, 18001805025, 18001803023 एवं 18001803002 पर शिकायत दर्ज हो सकती है।

4– अतः अनुरोध है कि कृपया जनपद स्तर पर विकास कार्यों एवं किसान गोष्ठी में इस योजना का प्रचार एवं प्रसार करने का कष्ट करेंगे तथा अपने स्तर पर अनुश्रवण भी कर लें जिससे उपभोक्ता एवं किसान इस योजना का समुचित लाभ ले सकें।

भवदीय,

(संजय अग्रवाल)
प्रमुख सचिव।

D:\sanjay\go 1.doc

संख्या– 1353(1)/24–1–2014, तददिनांक।

प्रतिलिपि निम्नलिखित को सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्यवाही हेतु प्रेषित।

1. प्रमुख सचिव, मा0 मुख्य मंत्री, उ0प्र0 शासन।
2. प्रमुख स्टॉफ अफसर, मुख्य सचिव, उ0प्र0 शासन।
3. समस्त मण्डलायुक्त।
4. अध्यक्ष, उ0प्र0 पावर कारपोरेशन लि0।
5. प्रबन्ध निदेशक, उ0प्र0 पावर कारपोरेशन लि0।
6. प्रबन्ध निदेशक पश्चिमांचल/दक्षिणांचल/मध्यांचल/पूर्वांचल विद्युत वितरण निगम लिमिटेड, मेरठ/आगरा/लखनऊ/वाराणसी, केस्को–कानपुर।

आज्ञा से

/

(अरविन्द प्रधान)
उप सचिव।